आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 20.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया।

2– आदिम जाति विकास विभाग सितंबर महीने में प्रदेश के अट्ठारह जिलों में चलाएगा पीएम जन–मन योजना के तहत जागरूकता अभियान।

3– रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज से शुरू हुआ भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान और कार्यशाला।

4– मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तेईस अगस्त से एक बार फिर वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना।

सुप्रीम कोर्ट–स्वास्थ्यकर्मी

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे और संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच, केन्द्र सरकार ने सभी केंद्रीय चिकित्सालयों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती में पच्चीस प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दे दी है।

सरकार–लैट्रल एंट्री

केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में पैंतालीस संयुक्त सचिव, निदेशक और उप–सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। विपक्षी पार्टियों ने इस विज्ञापन पर प्रश्न उठाए थे। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैट्रल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों, विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण सरकार के सामाजिक न्याय ढांचे का एक महत्वपूर्ण भाग है। डॉक्टर सिंह ने ये भी कहा कि सामाजिक न्याय के प्रति संवैधानिक अधिदेश का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में वंचित समुदाय के योग्य उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।

सरकार–उचित मूल्य दुकान

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में साठ उचित मूल्य दुकानों को जन–पोषण केंद्रों में बदलने के प्रायोगिक कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि ये जन–पोषण केंद्र, उचित मूल्य दुकानदारों की आय बढ़ाने में मदद करेंगे। श्री जोशी ने पांच अन्य कार्यक्रमों की भी शुरूआत की, जिनमें मेरा राशन ऐप, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, गुणवत्ता मैनुअल

पुस्तिका, भारतीय खाद्य निगम की संविदा मैनुअल और प्रयोगशालाओं का एनएबीएल प्रमाणन शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी।

<u>अमित शाह–छत्तीसगढ़</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगामी तेईस अगस्त से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। सूत्रों के मुताबिक वे तेईस अगस्त की शाम विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। अपने रायपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री छत्तीसगढ़ सहित अन्य माओवाद प्रभावित राज्यों के अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक शामिल होंगे। श्री शाह द्वारा अपने रायपुर प्रवास के दौरान पच्चीस अगस्त को राष्ट्रीय क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो–एनसीबी के ब्रांच कार्यालय का उद्घाटन करना भी प्रस्तावित है। श्री शाह अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान चम्पारण स्थित वल्लभाचार्य आश्रम भी जाएंगे।

<u>पीएम जनमन–अभियान</u>

आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से सितंबर महीने में प्रदेश के अट्ठारह जिलों में पीएम जन–मन योजना के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल बसाहटों में रहने वाले परिवारों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन–मन योजना की जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़कर विशेष पिछड़ी जनजाति वाले परिवारों से संवाद करेंगे।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति वाले किसी एक जिले को राज्य स्तरीय मेगा ईवेंट के लिए चिन्हित किया जाएगा। वहीं,
बाकी सभी पीएम–जनमन वाले जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों में स्थानीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। श्री बोरा ने बताया कि तेईस अगस्त से दस सितंबर तक सभी पीवीटीजी बसाहटों और जिलों में लाभार्थी संतृप्ति शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा।

<u>भाजपा–बैठक/कार्यशाला</u>

रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान और कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि बीते सत्रह अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन वी.एल. संतोष ने आगामी छह महीने तक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी के मद्देनजर बाईस से चौबीस अगस्त तक जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। वहीं, छब्बीस से अट्ठाईस अगस्त तक ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला होगी।

भाजपा की कार्यशाला और बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मौजूद थे।

राजीव गांधी–जयंती

आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में वीर भूमि जाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राजीव गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।
इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र चौबे और पूर्व मंत्री उमेश पटेल सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के तैल चित्र पर आज नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत और कांग्रेस के अन्य विधायकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

हाईकोर्ट–शराब घोटाला

कथित शराब घोटाला मामले में आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और विधु गुप्ता समेत अन्य आरोपियों की याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने आज इस मामले में ईडी, ईओडब्ल्यू और एसीबी के खिलाफ दायर सभी तेरह याचिकाओं पर सुनवाई की। इससे पहले, हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान अनिल टुटेजा को अंतरिम राहत दी थी, लेकिन अब कोर्ट ने टुटेजा को मिली अंतरिम राहत भी खारिज कर दी है।

देवेन्द्र यादव–रिमांड अवधि

बलौदाबाजार हिंसा मामले में आज जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज कर उनकी न्यायिक रिमांड की अवधि सात दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब वे सत्ताईस अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे।

खाद्य मंत्री–प्रेसवार्ता

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव ने बलौदाबाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को उकसाने का काम किया। श्री बघेल ने कहा कि सतनामी समाज एक शांत प्रिय और दंगा–फसाद को नापसंद करने वाला समाज है। बलौदाबाजार आगजनी और हिंसा की घटना में कुछ निर्दोष लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सतनामी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निर्दोष लोगों को जेल से रिहा करने की मांग की है।

कांग्रेस–विधायक दल बैठक

कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस विधायक मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर चौबीस अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस प्रदर्शन करेगी।

आकाशवाणी रायपुर—शाम सिंदूरी

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा कल इक्कीस अगस्त को शाम सात बजे से रायपुर के चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में स्वंतत्रता का उत्सव 'शाम सिंदूरी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पंडित प्रभाकर कश्यप और पंडित दिवाकर कश्यप ख्याल गायन की प्रस्तुति देंगे। वहीं, डॉक्टर नमन दत्त द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

रेडियो श्रोता दिवस

रेडियो श्रोता दिवस के अवसर पर आज ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा रायपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूरदर्शन केन्द्र, रायपुर के अभियांत्रिकी विभाग के निदेशक संतोष कुमार देवहरे, आकाशवाणी रायपुर के पूर्व कार्यक्रम उपनिदेशक लखनलाल भौर्य और लिसनर्स ग्रुप के संरक्षक लक्ष्मी नारायण लाहोटी मौजूद थे।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तेईस अगस्त से एक बार फिर वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। एक निम्न दाब का क्षेत्र मध्य बांग्लादेश के ऊपर स्थित है। इसके साथ ही ऊपरी हवा में एक चक्रवाती घेरा भी बना हुआ है। इसके असर से कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक—दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>